(ख) क्या गुजरात दूरदर्शन केन्द्र उद्योग, वन तथा अन्य विषयों पर वृत्त चित्र बनाने का विचार रखता है?

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय के राज्य मंत्री (श्री वी० एन० गाडगिल) : (क) उन दूरदर्शन केन्द्रों (राज्यों) जिन्होंने विकास के सम्बन्ध में राष्ट्रीय स्तर के वृत्त चित्र बनाए है और जिन्हें दूरदर्शन के राष्ट्रीय हुक अप पर 1-7-1985 से 30-6-1986 तक टेलीकास्ट किया गया है, उनके नाम हैं दूरदर्शन केन्द्र, हैदराबाद (आन्ध्र प्रदेश), दूरदर्शन केन्द्र, बम्बई (महाराष्ट्र), दूरदर्शन केन्द्र, जालंधर (हिमाचल प्रदेश और पंजाब), दूरदर्शन केन्द्र, कटक (उड़ीसा), उपग्रह दूरदर्शन केन्द्र, दिल्ली (राजस्थान और मध्य प्रदेश), दूरदर्शन केन्द्र, बंगलौर (कर्नाटक), दूरदर्शन केन्द्र, श्रीनगर (जम्मू व काश्मीर), दूरदर्शन केन्द्र, कलकत्ता (पश्चिम बंगाल), दूरदर्शन केन्द्र, लखनऊ (उत्तर प्रदेश), दूरदर्शन केन्द्र, मद्रास (तमिल नाड), दूरदर्शन केन्द्र, रांची (बिहार), दूरदर्शन केन्द्र, अहमदाबाद (गुजरात), दूरदर्शन केन्द्र, दिल्ली (दिल्ली और हरियाणा) और दूरदर्शन केन्द्र त्रिवेन्द्रम (केरल)।

(ख) जी, हां। गुजरात के दूरदर्शन केन्द्रों का 'संघ के राज्य' आदि धरावाहिकों के अन्तर्गत "समुद्र व्यापार", परिवर्तन-झिनझोरिया गांव, "गुजरात" जैसे विकास से सम्बन्धित विषयों पर वृत्त चित्र बनाने का प्रस्ताव है।

पीज दूरदर्शन केन्द्र

1064. **श्री मीर्जा इर्शादबेग** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात का "पीज दूरदर्शन केन्द्र" कब बंद किया गया था ;

(ख) केन्द्र की मशीनरी तथा अन्य उपकरणों का किस प्रकार उपयोग किया जा रहा है; और

(ग) इस संबंध में गुजरात सरकार की मांग को पूरा न किए जाने के क्या कारण हैं?

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय के राज्य मंत्री (श्री वी०एन० गाडगिल) : (क) पीज का दूरदर्शन ट्रांसमीटर अहमदाबाद में 10 किलोवाट वाले दूरदर्शन ट्रांसमीटर के चालू हो जाने पर 25-7-85 को बंद कर दिया गया था, जो उस पूरे क्षेत्र में सेवा उपलब्ध करता है जिसमें पहले पीज ट्रांसमीटर द्वारा सेवा उपलब्ध की जाती थी।

(ख) और (ग) इस ट्रांसमीटर ने अपना अधिकांश उपयोगी जीवन पूरा कर लिया है। संसाधनों का अनुकूलतम उपयोग करने के लिए इसका शेष अवधि के लिए उपयोग अन्य स्थान पर करने की योजना बनाई गई थी।

दूरदर्शन की क्षेत्रीय वाणिज्यिक सेवा

1065. **श्री मीर्जा इर्शादबेग** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन राज्यों तथा उन दूरदर्शन केन्द्रों के नाम क्या है जिन्हें दूरदर्शन की क्षेत्रीय वाणिज्यिक सेवा के अंतर्गत शामिल किया गया है;

(ख) इसे प्रति घंटा कितना समय दिया जाता है और उसके लिए किस दर से शुल्क लिया जाता है; और

(ग) देश के अन्य दूरदर्शन केन्द्रों को और विशेष रूप से अहमदाबाद केन्द्र को यह सुविधा कब तक उपलब्ध कराए जाने की संभावना है?

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय के राज्य मंत्री (श्री वी० एन० गाडगिल) : (क) निम्नलिखित दूरदर्शन केन्द्रों को